Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **जिला सवाई माधोपुर के कृषि विभाग सवाई माधोपुर में पदस्थापित अनुपम गोयल, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) 10,000/– रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।**

जयपुर 11 नवम्बर, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी सवाई माधोपुर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **अनुपम गोयल, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) को 10,000/– रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी सवाई माधोपुर को एक शिकायत **टोल फ्री नम्बर 1064** से इस आशय की प्राप्त हुई परिवादी गंगापुर सिटी स्थित खाद बीज की दूकान को जारी किये गये निरीक्षण रिपोर्ट का निस्तारण करने व परेशान नही करने की एवज में 10,000/– रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है और दौराने मांग सत्यापन दिनांक 11.11.2025 को परिवादी से 10,000/– रूपये लेने पर सहमत हुआ।

जिस पर एसीबी रेज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी सवाई माधोपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान सिंह चौधरी** के नेतृत्व में आज दिनांक 11.11.2025 को ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी अनुपम गोयल, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कृषि विभाग सवाई माधोपुर को 10,000/– रूपये की रिश्वत लेते हुए को रंगे हाथों पकडा गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के नेतृत्व में आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।